**2022**

# HINDI

## ( Honours )

Paper : HIN–HC–5026

**( प्रयोजनमूलक हिन्दी )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी का एक अन्य नाम क्या है?

(ख) डॉ० भोलानाथ तिवारी के अनुसार प्रयोजनमूलक हिन्दी के कितने रूप हैं?

(ग) हिन्दी को राजभाषा के रूप में कब स्वीकार कर लिया गया था?

(घ) आपके पाठ्यक्रम में शामिल 'राजभाषा हिन्दी : विकास के विविध आयाम' ग्रंथ के रचयिता कौन हैं?

(ङ) वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली के लिए शिक्षा मंत्रालय ने कब आयोग की स्थापना की है?

(च) भारतीय संविधान के प्रावधानानुसार राजभाषा हिन्दी किस लिपि में लिखी जानी चाहिए?

(छ) संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को भारत संघ की राजभाषा स्वीकार किया गया है?

(ज) पारिभाषिक शब्दावली का आशय क्या है?

(झ) प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ सम्पन्न हुआ था?

(ञ) 'ऑल इंडिया रेडियो' को 'आकाशवाणी' नाम से कब पुकारा जाने लगा?

(ट) 'अनुवाद' शब्द मूलतः किस भाषा का है?

(ठ) 'अनुवाद' शब्द का एक पर्यायवाची शब्द बताइए।

(ड) अंग्रेजी के 'टेक्निकल (Technical)' शब्द का हिन्दी पर्याय क्या है?

(ढ) सम्पर्क भाषा क्या है?

(ण) कार्यालय-ज्ञापन का प्रयोग कब किया जाता है?

(त) 'आलेखन' किसे कहते हैं?

(थ) शब्दानुवाद किसे कहते हैं?

(द) परिपत्र क्या है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) मसौदा लेखन क्या है?

(ख) कार्यालयीन हिन्दी के दो प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए।

(ग) अच्छे अनुवादक के कोई दो गुण बताइए।

(घ) ज्ञापन क्या है?

(ङ) रेडियो (आकाशवाणी) में प्रयुक्त हिन्दी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(च) राष्ट्रभाषा का तात्पर्य क्या है?

(छ) निम्नलिखित पदनामों के हिन्दी पर्याय लिखिए :

Deputy Secretary ; Director

(ज) तकनीकी हिन्दी से आप क्या समझते हैं?

(झ) निम्नलिखित वाक्यांशों के हिन्दी रूप लिखिए :

Early action please ; Approval may be accorded

(ञ) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 345 में क्या कहा गया है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिन्दी के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) हिन्दी के विकास में चलचित्रों की भूमिका पर विचार कीजिए।

(ग) पारिभाषिक शब्दावली के स्वरूप एवं महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

(घ) सरकारी पत्र-लेखन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) ज्ञापन का एक नमूना प्रस्तुत कीजिए।

(च) आलेखन की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(छ) दूरदर्शन के कार्यक्रमों में प्रयुक्त हिन्दी के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(ज) भारतीय संविधान के 351वें अनुच्छेद में निहित हिन्दी भाषा-संबंधी प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) राजभाषा अधिनियम, 1963 के प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।

(ख) प्रयोजनमूलक हिन्दी के अभिप्राय एवं स्वरूप पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ग) व्यावसायिक पत्र की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उसकी एक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

(घ) एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में विदेशों में हिन्दी की स्थिति पर आलोकपात कीजिए।

(ङ) निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

*(i)* राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी का महत्त्व

*(ii)* भारतवर्ष की सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी की भूमिका

(च) व्यावसायिक हिन्दी और उसके प्रमुख लक्षणों को स्पष्ट कीजिए।

(छ) संचार माध्यमों में प्रयुक्त हिन्दी की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ज) कार्यालयीन हिन्दी से आप क्या समझते हैं? इसके प्रमुख लक्षणों को स्पष्ट कीजिए।

(झ) वैज्ञानिक हिन्दी का आशय बताते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ञ) निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

*(i)* कृपया इस पत्र को तुरंत जारी करें।

*(ii)* मैं आज कार्यालय में उपस्थित नहीं हो सकूँगा।

*(iii)* बैठक पूर्वाह्न 10:00 बजे होगी।

*(iv)* ड्राइवर के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

*(v)* तुलन-पत्र कंपनी की वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।

*(vi)* कल सार्वजनिक छुट्टी है।

*(vii)* देश में संचार के साधन तेजी से बढ़ रहे हैं।

*(viii)* हम बैंक में अपने खाते बंद कर रहे हैं।

*(ix)* आयकर विभाग का कार्यालय निकट ही है।

*(x)* बजट के ब्योरे नीचे दिए गए हैं।

★★★